अनुक्रमांक ..................................... समय : 1.00 घण्टा

नाम ............................................. पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2016
## (विज्ञान)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** निम्नलिखित में से उभयचर प्राणी है **(1)**

(A) खरगोश (B) चूहा

(C) कछुआ (D) गाय

**2.** निम्नलिखित में से कौन-सा मछली का अनुकूलन अंग नही है? **(1)**

(A) धारा-रेखित शरीर (B) पंख

(C) गलफड़े (D) फेफड़ा

**3.** निम्नलिखित में से यौगिक है - **(1)**

(A) जल (B) सोना

(C) पीतल (D) चाँदी

**4.** निम्नलिखित में से कौन-सी विधि घुलनशील ठोस पदार्थो को द्रव पृथक करना है? **(1)**

(A) निथारना (B) वाष्पीकरण

(C) तलछटीकरण (D) छानना

**5.** किसी वस्तु के तल के क्षेत्रफल का मात्रक है **(1)**

(A) घन मीटर (B) मीटर

(C) वर्ग मीटर (D) किलोमीटर

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** घर्षण बल किसे कहते हैं लिखिये । **(1)**

**7.** पेड़-पौधों में अलैंगिक प्रजनन विधियों का नाम लिखिए । **(1)**

**8.** पत्तियों का मुख्य कार्य लिखिए । **(1)**

**9.** ऊर्ध्वपातन किसे कहते हैं? उदाहरण देकर लिखिए । **(1)**

**10.** घूमते हुए लट्टू में किस प्रकार की गति होती है ? **(1)**

**11.** हमारे शरीर में कितनी ज्ञानेन्द्रियाँ पाई जाती हैं, नाम लिखिए । **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** मरूस्थलीय पौधों की पत्तियाँ प्रायः नुकीली क्यों होती हैं? इन पौधों की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं? **(2)**

**13.** एक बर्तन की धारिता 12 लीटर है। इसकी धारिता घन सेन्टीमीटर एवं घन मीटर में ज्ञात कीजिए । **(2)**

**14.** बीनना एवं फटकना पृथक्करण की विधियों को सोदाहरण समझाइए । **(2)**

**15.** बीजों की संरचना का सचित्र वर्णन कीजिए। मूलांकुर व प्रांकुर से क्या बनता है ? **(2)**

**16.** गुरूत्व बल एवं पेशीय बल को उदाहरण द्वारा समझाइए । **(2)**

**17.** बीजों का प्रकीर्णन किसे कहते हैं ? किन-किन विधियों द्वारा बीजों का प्रकीर्णन होता है ? **(2)**

**18.** पुष्प के कितने भाग होते हैं ? उनके भागों का चित्र बनाकर एक कार्य संक्षेप में बताइए । **(2)**

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/vigyan/2016

2. विज्ञान का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/vigyan/

3. विज्ञान के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/vigyan/

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN